तकनीकी विवि की परीक्षा में अब तक 47 नकलची पकड़े

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बुधवार को विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं के दृष्टिगत रुड़की क्षेत्र में पड़ने वाले सम्बद्ध संस्थान फोनिक्स कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग का निरीक्षण किया।

इस दौरान विश्वविद्यालय की उड़नदस्ता टीम भी साथ में थी। केन्द्र की अव्यवस्थाओं पर कुलपति ने निदेशक, केन्द्र अधीक्षक और संस्थान प्रबन्धन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यदि संस्थान शैक्षणिक वातावरण को दूषित करने व परीक्षाओं के संचालन में पारदर्शिता, सुचिता और ईमानदारी के साथ कार्य करने में सहयोग नहीं करेगा तो संस्थान के विरुद्ध की जाने वाली दण्डात्मक कार्रवाई के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। कुलपति ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को उक्त परीक्षा केन्द्र पर तैनात पर्यवेक्षक को लापरवाही से कार्य करने के कारण तत्काल बदलते हुए उक्त पर्यवेक्षक के स्थान पर दूसरे पर्यवेक्षक की तैनाती करने के निर्देश दिये हैं।

परीक्षा कक्ष में उड़नदस्ते के साथ निरीक्षण करते तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति

कुलपति ने विश्वविद्यालय की उड़नदस्ता टीम से रूड़की क्षेत्र के सभी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा संचालन/सम्पादन के सम्बन्ध में रिपोर्ट उसी समय प्राप्त की गयी जिसमें उड़नदस्ता टीम द्वारा कुलपति को अवगत कराया गया 20 मई से 29 मई तक हुई विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं में रुड़की क्षेत्र में पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों से कुल 47 नकलची छात्रों को उड़नदस्ता टीम द्वारा नकल करते हुए पकड़ा गया,जिसमें से सबसे ज्यादा 29 छात्र फोनिक्स कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पकड़े गये हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में कुलपति ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संस्थान को सुधर जाने की सख्त हिदायत दी गयी है। कुलपति ने सभी सम्बद्ध संस्थानों को भी हिदायत दी है कि विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षाओं के संचालन/सम्पादन में किसी भी स्तर से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।